आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 15.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री वाहन के खाई में गिरने से 14 लोगों की मृत्यु, 12 अन्य घायल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर शोक जताया।
- गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा– पहाड़ से पलायन रोकने के लिए ''अपना गांव, अपना वोट'' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
- जिम कॉर्बेट पार्क का रामनगर स्थित ढिकाला पर्यटन जोन आज से पर्यटकों के लिए बंद किया गया।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के मैदानी हिस्सों में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

दुर्घटना

रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैंतोली के पास एक यात्री वाहन के खाई में गिरने से 14 लोगों की मृत्यु हो गयी है। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 7 यात्रियों को गुलाबराय मैदान से एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर एम्स ऋषिकेश लाया गया, जिसमें से 2 लोगों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। साथ ही 7 यात्रियों का रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। रुद्रप्रयाग से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि जिलाधिकारी डॉक्टर सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक डा विशाखा अशोक भदाणे के नेतृत्व में राहत और बचाव अभियान पूरा कर लिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को दुर्घटना के जांच के आदेश दिए हैं। श्री धामी ने घायलों को बेहतर उपचार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं।

गढ़वाल सांसद

गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनिल बलूनी ने कहा है कि पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए ''अपना गांव, अपना वोट'' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार चमोली पहुंचे श्री बलूनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आम जनमानस के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। उत्तराखण्ड के परिपेक्ष्य में बोलते हुए सांसद ने कहा कि स्वाथ्य के क्षेत्र में काम किया जाएगा। गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में लगातार घट रही विधानसभा सीट को लेकर श्री बलूनी ने कहा कि सरकार के साथ मिलकर परिसीमन को क्षेत्रफल के अनुसार किये जाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर पहाड़ की सीटें घटती रहीं तो आने वाले समय में पहाड़ों का प्रतिनिधित्व कमजोर हो जाएगा।

पीएम–किसान सम्मान निधि

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों में अब तक 11 करोड़ किसानों के खातों में तीन लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

कृषि मंत्री गणेश जोशी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि राज्य सरकार ने 2025 तक स्वयं सहायता समूहों की डेढ़ लाख बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। आज नई टिहरी में आयोजित विभागीय बैठक में श्री जोशी ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए ताकि राज्य का हर किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सके। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य का मोटा अनाज गुणवत्ता में सबसे बेहतर पाया गया है और अधिकारी इसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करें।

नमो ड्रोन दीदी योजना

प्रदेश में खेती—किसानी और बागवानी को बेहतर बनाने के लिए नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत महिला किसानों और समूहों को ड्रोन दिए जाएंगे। देहरादून में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के यंत्रीकरण एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संयुक्त सचिव एस रुक्मणी ने कहा कि महिला किसानों को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत किए गए नए प्रयोगों और संचालनों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रीकरण उप मिशन योजना शुरू की है और किसानों को निवेश के तौर पर कृषि यंत्रीकरण को अपनाने की जरूरत है।

स्वीकृति

प्रदेश सरकार ने आपदा मद के तहत होने वाले कार्यों के लिए 50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से सभी जिलों में क्षतिग्रस्त सड़कें, पुलिया, पेयजल लाइनें और आपदा संबंधी कार्य कराए जाएंगे। स्वीकृत धनराशि में लोक निर्माण विभाग को सड़कों के लिए 30 करोड़ रुपये और पेयजल के लिए 20 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों से आगामी मानसून को देखते हुए सभी जरूरी कार्य समय पर पूरे करने को कहा है।

जिम कार्बेट पार्क

जिम कॉर्बेट पार्क का रामनगर स्थित ढिकाला पर्यटन जोन आज से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। इको पर्यटन जोन के प्रभारी निर्मल तिवारी ने बताया कि हर साल मानसून सीजन में सुरक्षा कारणों से ढिकाला पर्यटन जोन 15 जून से 14 नवंबर तक बंद रहता है। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर से 14 जून तक ढिकाला रेंज में 4 लाख 32 हजार पर्यटकों ने भ्रमण किया, जिससे पार्क प्रबंधन को 26 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

अधिसूचना

चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर उप चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए। बद्रीनाथ से सहायक समीक्षा अधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि अब तक कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों की नामांकन का समय सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक रखा गया है। नामांकन प्रक्रिया 21 जून तक चलेगी और 24 जून तक नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून होगी। दोनों विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को मतदान होगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अर्ध चक्रासन की एक वीडियो क्लिप साझा की। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि स्वस्थ हृदय और बेहतर रक्त प्रवाह के लिए आसन का अभ्यास करें। इस बीच, प्रदेश में भी योग दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसके लिए जगह—जगह योगाभ्यास किया जा रहा है।

कैंची धाम

नैनीताल जिले में स्थित कैंची धाम का 60वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही नीम करौरी बाबा के दरबार में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और प्रशासन व्यापक प्रबंध किए हैं। धाम के आसपास वाहनों की आवाजाही भी पूरी तरह से बन्द है।

वनाग्नि नियंत्रण

अल्मोड़ा जिले के बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में लगी भीषण आग पर काबू पाने के प्रयास आज तीसरे दिन भी जारी हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, वन विभाग के साथ ही सेना के हेलीकॉप्टर आग बुझाने में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि 13 जून को बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में लगी आग को बुझाने के प्रयास में चार वनकर्मियों की मृत्यु हो गई थी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## जल संरक्षण अभियान

जल संरक्षण अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जल उत्सव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तरकाशी जिले में जल उत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। अभियान के तहत पुरोला में आयोजित कार्यक्रम में जन–प्रतिनिधि और अधिकारियों ने जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। उधर, रूद्रप्रयाग जिले के पुनाड़ गदेरे में जल उत्सव कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रजातियों के फलदार और चारापत्ती पौधों का रोपण किया गया।

## प्लास्टिक कचरा

चारधाम यात्रा मार्गों पर साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चमोली जिले में जोशीमठ नगर पालिका ने यात्रा मार्ग से 3 टन से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र किया है। इस कचरे से ब्लॉक बनाकर पालिका ने अब तक 1 करोड़ 2 लाख की आय अर्जित की है। जोशीमठ के उप जिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि नगर पालिका की ओर से यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक कचरा एकत्र करने के लिए शहर और यात्रा मार्ग पर पर्यावरण मित्र तैनात किए गए हैं।

## मौसम

प्रदेश के मैदानी हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी है। हरिद्वार, देहरादून और ऊधमसिंह नगर जिलों के मैदानी हिस्सों में आज अत्यधिक गर्मी महसूस की गई। इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज टिहरी, देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीाताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर के कुछ स्थानों में भारी गर्मी और लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अत्यधिक गर्मी की चेतावनी के मद्देनज़र मौसम विभाग ने लोगों को अनावश्यक रूप से दोपहर के वक्त बाहर न निकलने की सलाह दी है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 17 जून से मौसम में बदलाव की संभावना है। उन्होंने कहा कि 18 जून से राज्य में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं।

## परीक्षा स्थगित

पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर स्थित हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने 18 जून को होने वाले एमए और एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित कर दी है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव अरविंद कुमार ने बताया कि 18 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा के चलते ये परीक्षाएं स्थगित की गई है। उन्होंने कहा कि स्थगित परीक्षा 21 जून को कराई जाएगी।

## पंजीकरण सीमा समाप्त

ऋषिकेश और हरिद्वार में चारों धामों के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की निर्धारित सीमा को समाप्त कर दिया गया है। चारों धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के पहुंचने के चलते सरकार ने ऑफलाइन पंजीकरण के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन की संख्या को पन्द्रह सौ तक सीमित कर दिया गया था।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को सभी निरस्त दाखिलों या माइग्रेशन के मामले में 30 सितंबर तक पूरी फीस लौटानी होगी। आयोग की यह नीति चालू शिक्षा सत्र के लिए है। आयोग ने यह कदम दाख़िला रद्द करने या नाम वापस लेने पर फीस लौटाने के संबंध में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों को देखते हुए उठाया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, आयोग से मान्यता–प्राप्त संस्थानों, सम–विश्वविद्यालयों और दाखिला परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू रहेगी। आयोग ने यह भी कहा कि इस वर्ष 30 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच रिफंड जारी किया जाएगा और प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में अधिकतम एक हजार रुपये की कटौती की जा सकेगी। 31 अक्टूबर के बाद के दाखिले के लिए, अक्टूबर–2018 के प्रावधान लागू होंगे। आयोग ने कहा है कि इस नीति का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी